पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड
POWER FINANCE CORPORATION LTD.
(भारत सरकार का उपक्रम) (A Govt. of India Undertaking)
(आई.एस.ओ. 9001:2015 प्रमाणित) (ISO 9001:2015 Certified)

<u>**प्रेस विज्ञप्ति**</u>

15 दिसंबर 2021

पीएफसी ने उत्तर प्रदेश में 350 इलेक्ट्रिक बसों के वित्तपोषण के लिए करार किया

नई दिल्ली, 15 दिसंबर 2021: पीएफसी, एक महारत्न कंपनी और विद्युत क्षेत्र में भारत की अग्रणी एनबीएफसी, ने आज उत्तर प्रदेश के नौ शहरों में 350 इलेक्ट्रिक बसों की तैनाती के लिए 275 करोड़ रुपए के ऋण हेतु करार पर हस्ताक्षर किए। यह करार ग्रीनसेल मोबिलिटी के साथ किया गया था, जो देश में इलेक्ट्रिक वाहनों को अपनाने को बढ़ावा देने के लिए भारत और यूनाइटेड किंगडम की सरकारों द्वारा समर्थित एक ई-मोबिलिटी प्लेटफॉर्म है। बसें आगरा, मेरठ, अलीगढ़, बरेली, गाजियाबाद और मथुरा सहित उत्तर प्रदेश के प्रमुख शहरों में तैनात की जाएंगी।

भारत सरकार ने इलेक्ट्रिक बसों को अपनाने को बढ़ावा देने के लिए 3500 करोड़ रुपए के आवंटन के साथ फेम-II योजना शुरू की है। इलेक्ट्रिक बसें खराब वायु गुणवत्ता की चुनौतियों से निपटने के लिए और देश के कार्बन फुटप्रिंट को कम करके स्थायी मोबिलिटी समाधान प्रदान करती हैं।

ह/-

(एस. एस. राव)
मुख्य महाप्रबंधक (पीआर)

पंजीकृत कार्यालय : "ऊर्जानिधि", 1, बाराखंबा लेन, कनॉट प्लेस, नई दिल्ली - 110001 दूरभाष : 23456000 फैक्स : 011-23412545
Regd. Office : "Urjanidhi", 1, Barakhamba Lane, Connaught Place, New Delhi-110001 Phones : 23456000 Fax : 011-23412545
वैबसाईट / Website : www.pfcindia.com ● CIN : L65910DL1986GOI024862